तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024



10 सीसी सड़क, सोलर वाटर टैंक और सामुदायिक...





11 गायिका मोनाली और साबरी ने दी शानदार ....






## खबर संक्षेप



### 5 किलो के आईईडी को जवानों ने किया निष्क्रिय

**बीजापुर।** नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पगडंडी मार्ग पर लगाए आईईडी को बीडीएस की टीम ने बरामद कर उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक डीआरजी बीजापुर कोबरा 202 व बीडीएस की संयुक्त पार्टी एरिया डॉमिनेशन व डीमाइनिंग ड्यूटी पर कोरचोली की तरफ निकली हुई थी। डीमाइनिंग के दौरान कोरचोली गांव की ओर जाने वाले पगडंडी रास्ते में पुलिस पार्टी को निशाना बनाने नक्सलियों ने 5 किलो ग्राम का प्रेशर आईईडी लगाया था।

### सरपंच पति की संदिग्ध मौत विधायक से जांच की मांग

**पखांजुर।** अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी से स्वरूपनगर पंचायत के सरपंच पति की अज्ञात कारण से मृत्यु होने से विधायक के पास सरपंच ने मदद की गुहार लगाते हुए बताया कि 8 सितंबर को स्वरूपनगर के सरपंच पति स्व. राज बिहारी मिस्त्री पीव्ही 62 के निवासी कीअज्ञात कारणो से गांव का ही एक व्यक्ति के घर मृत अवस्था मे पाया गया था, जिसका अब तक भी कोई जांच पड़ताल नहीं हो पाई है। स्वरूपनगर के सरपंच रितु भगत मिस्त्री अपने पति की किस कारण मृत्यु हो गई, उसकी जाँच के लिए अंतागढ़ विधानसभा के विधायक विक्रम उसेंडी से मुलाकात किया है। विधायक ने तत्काल बात सुनकर एडिशनल एसपी को इस संबंध में जांच एवं स्पष्ट जानकारी देने कहा है।

### नर्सरी भ्रमण के दौरान छात्रों को दी जानकारी

**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत एग्रो इंडस्ट्रियल विषय अंतर्गत नर्सरी का भ्रमण कराया गया। नर्सरी के प्रबंधक द्वारा नर्सरी में लगे हुए विभिन्न प्रकार के सजावटी, औषधिय, मसाले, फूल एवं फलों वाले पौधों के विभिन्न भारतीय एवं विदेशी किस्मों के बारे में जानकारी दिया। सहायक प्राध्यापक इंजी. गंगाधर भगत द्वारा नर्सरी व्यवसाय में भविष्य में होने वाले विस्तार के संभावनाओं को बताया।

### दो दिवसीय रामलीला पाऊरखेड़ा आज से

**दुर्गुकोंदल।** पाऊरखेड़ा में दो दिवसीय रामलीला आयोजन 21 और 22 अक्टूबर को होगा। रामलीला में लंकाकांड और किष्किंधा कांड की प्रस्तुति दी जाएगी। पाऊरखेड़ा रामलीला मंडली के मैनेजर चंपालाल टांडिया, जयलाल ध्रुव, रामजी पुड़ो, जागेश्वर पुड़ो, कलेश टांडिया, संजय टांडिया, पीलार कुलदीप, तुलाराम कुलदीप ने बताया कि हमारे गांव में हर साल रामलीला का कार्यक्रम होती है।

# बस्तर के मौसम में बदलाव,कही-कही हल्की से मध्यम वर्षा

## गंगालूर में सर्वाधिक 40 एमएम वर्षा, दंतेवाड़ा रहा सबसे गर्म 33.2 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश में मौसम में आए बदलाव से पिछले 24 घंटों के दौरान शनिवार को कहीं-कहीं पर बारिश का दौर रहा। बस्तर अंचल के आधा दर्जन से अधिक स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। गंगालूर में प्रदेश में सर्वाधिक 40 एमएम वर्षा दर्ज की गई। जबकि दंतेवाड़ा में इसके उलट प्रदेश का सबसे गर्म दिन याने 33.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। शनिवार को मौसम में आए बदलाव के कारण उत्तर बस्तर के सरोना में 30 व दक्षिण बस्तर के तोंगपाल में 30 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। भैरमगढ़, कुटरू, बड़े राजपुर, अंतागढ़, बस्तर, नहरपुर में 20 एमएम, चारामा, लोहंडीगुड़ा, माकड़ी, छिंदगढ़, भानपुरी व तोंगपाल में 10 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। इधर जगदलपुर में अधिकतम तापमान 32.2 व न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक वायुमण्डल में एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर अंडमान सागर के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर अंडमान सागर के ऊपर अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में 22 अक्टूबर की सुबह और उसके बाद चक्रवात के रूप में 23 अक्टूबर को पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। उसके बाद इसके उत्तर- पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, उड़ीसा तट से दूर-पश्चिम बंगाल तट के ऊपर 24 अक्टूबर के सुबह पहुंचने की संभावना है। एक निम्न दाब का क्षेत्र अरब सागर में बना हुआ है। इन दोनों के संयुक्त प्रभाव से प्रदेश में प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है।

वायुमण्डल में एक ऊपरी हवा का चक्रिय चक्रवात बना



### एक- दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना

मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा ने बताया कि सिस्टम के चलते प्रदेश में 21 अक्टूबर को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। 24 अक्टूबर से बंगाल की खाड़ी में बनने वाले चक्रवात का असर प्रारंभ होने की संभावना बन रही है।

## धार्मिक कार्यक्रम : कलेक्टर और एसडीएम ने लिया आशीर्वाद

# माईं जी की डोली पहुंची अपने धाम सैकड़ों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा में शामिल होने के बाद माईं जी की डोली व छत्र शनिवार को देर रात अपने धाम पहुंची। नगर के आवराभाटा स्थित पूजा स्थल पर माईं की डोली व छत्र को ससम्मान रखा गया। रविवार की सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा स्थल पहुंचकर नगरवासियों ने माईं की डोली व छत्र की पूजा अर्चना कर अपने परिवार की मंगलकामना की। इसके बाद शाम 4 बजे आवराभाटा स्थित पूजा स्थल से मां दंतेश्वरी मंदिर के लिए रवाना किया गया। वहीं माईं जी की डोली व छत्र को मंदिर तक रवाना होने से पूर्व कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसडीएम जयंत नाहटा तथा पूर्व विधायक देवती कर्मा ने भी पूजा अर्चना किए। पूजा उपरांत फूल मालाओं से सजी माईं जी की डोली व छत्र को जवानों द्वारा सलामी दिए जाने के बाद रवाना की गई। पारंपरिक रीति-रिवाज से माईं की डोली के आगे स्थानीय परिवेश में सजे लोक नृत्य किया जाता रहा। माईं की डोली व छत्र जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई लोगों का हुजुम उमड़ने लगा। उपस्थितजनों ने माईं की डोली व छत्र के आगे नतमस्तक होकर आर्शिवाद लिया। रविवार की शाम माईं जी की डोली व छत्र माता के दरबार पहुंची। इस दौरान विधायक चैतराम अट्टामी, प्रधान पुजारी, सेवादार, चालकी व अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ माईं जी की डोली व छत्र को जवानों ने दी सलामी






### 9 दिनों बाद वापसी

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा में शामिल होने माईं की डोली व छत्र दंतेवाड़ा की पावन धरा से जगदलपुर के लिए 11 अक्टूबर की शाम रवाना हुई थी। इस दौरान भी जगह-जगह माईं जी की डोली व छत्र की शहरवासियों ने पूजा अर्चना की थी। बस्तर दशहरा में शामिल होने के बाद 19 अक्टूबर की देर रात पूरे 9 दिनों के बाद माईं जी की डोली व छत्र अपने नगर पहुंची जिसका सुबह तक स्थानीय लोगों ने बेसब्री से इंतजार किया। जैसे ही माईं की डोली व छत्र आवराभाटा के पूजा स्थल पहुंची उपस्थित लोगों ने सुखमय जीवन की कामना को लेकर आशीर्वाद लिया। वहीं जिला प्रशासन व टेम्पल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसका भरपूर आनंद शहरवासियों ने भजन व गायन सुनते हुए लिया।

# पर्यटकों के लिए कोटमसर गुफा खुलेगी 22 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा हेतु 26 जून से 31 अक्टूबर तक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत आने वाले गुफा स्थल कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा एवं अन्य सभी गुफा स्थलों को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान सहायक वन संरक्षक द्वारा जारी सूचना के तहत आगामी आदेश तक पर्यटन प्रयोजन हेतु निषेध किया गया था। इसमें से कोटमसर गुफा को 22 अक्टूबर से शुरू किया जाएगा, जहां पर्यटक आसानी से देख पाएंगे। उसके बाद कैलाश गुफा एवं अन्य सभी गुफा स्थलों का शीघ्र ही खुलेगा। उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने बताया कि उद्यान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे तीरथगढ़ की छवि को निखारना और इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना। सांस्कृतिक और प्राकृतिक संरक्षण पर क्षेत्रीय संसाधनों और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और संवर्धन करना। पर्यटकों से अच्छा व्यवहार करना बेहद जरूरी है ताकि वे तीरथगढ़ की सुखद यादें लेकर जाएं और फिर से इस स्थान की यात्रा करें। इसके लिए स्थानीय समुदाय को पर्यटकों के प्रति विनम्रता ⏭ शेष पेज 10 पर

■ वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए 26 जून से रखा गया था बंद

# आधा दर्जन से अधिक स्वास्थ्य केंद्र जर्जर और दवाइयों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर लगभग 282 स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं। जिसमें से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 8, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 40 एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र 234 स्थापित किए गए हैं। इसमें से लगभग आधा दर्जन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन जर्जर है, पर आरईएस विभाग द्वारा मरम्मत में ध्यान नहीं दे रहे हैं। बताया जा रहा है समस्त जर्जर भवनों का निर्माण कार्य आरईएस विभाग ने किया था। केन्द्रों में रोज लगभग बीपी, शुगर के ज्यादा मरीज पहुंचते हैं, इसलिए इसकी दवाइयां पर्याप्त उपलब्ध हैं। अन्य बीमारियों की दवाइयां नहीं है। उप स्वास्थ्य केन्द्र उपचार कराने पहुंची महिला ने बताया कि वे शुगर एवं बीपी की मरीज है, जो समय-समय पर केन्द्र में शुगर, बीपी का जांच कराने आती हैं। उन्होंने बताया कि उसके दोनों रोग के लिए दवाई मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार होने से वे लोग उप स्वास्थ्य केन्द्र भरोसे नहीं रहते, बल्कि अपनी ⏭ शेष पेज 10 पर

■ मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहा आरईएस विभाग



### भवनों की मरम्मत नहीं

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन की मरम्मत के लिए आरईएस विभाग को पूर्व में पत्र भेजा गया है। फिर से पत्र भेजा जा रहा है। इसके अलावा भी आरईएस की ओर से जर्जर भवनों की मरम्मत नहीं कर रहा है।

# 3 दिवसीय ब्लैस बस्तर प्रार्थना महोत्सव होगा 8 नवंबर से





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ब्लैस बस्तर प्रार्थना महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन 8,9,10 नवंबर को धरमपुरा बीएड कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। महोत्सव में विश्व प्रसिद्ध मसीह सेवा मुख्य वक्ता जीसस कॉल्स सेवाकई के अध्यक्ष डॉ. पॉल दिनाकरन रहेंगे। वे पूरे परिवार के साथ इस प्रार्थना महोत्सव में सम्मिलित होंगे। उक्त बातें प्रार्थना महोत्सव ब्लैस आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. आशीष चौरसिया, उपाध्यक्ष रेव्ह. मनोज बाघ, संयोजक रेव्ह. सुदेश जैकब, जितेन्द्र फाउलर सिंह, शैलेन्द्र, रोजबिन दास ने रविवार को पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि आयोजन में मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया ⏭ शेष पेज 10 पर

■ महोत्सव के लिए सीएम व जनप्रतिनिधियों को किया जा रहा आमंत्रित

# चौथे दिन मिली छात्रा हैदराबाद चली गई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के लामड़ागुड़ा में स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छठवीं कक्षा की छात्रा के अचानक गायब होने से परिजन समेत पुलिस प्रशासन परेशान होकर छात्रा की तलाशी में जुटा हुआ था। 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे बालिका आश्रम से बिना किसी को सूचना दिए चली गई थी। सीसीटीवी फुटेज में आश्रम के पीछे से उसके जाने का प्रमाण प्राप्त हुआ था। लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के अंदरूनी क्षेत्र के एक गांव की आदिवासी नाबालिग के गायब होने की रिपोर्ट आश्रम की अधीक्षिका श्यामबती कश्यप ने लोहण्डीगुड़ा थाना में दर्ज कराई थीं। पुलिस समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी भी बालिका की पताशाजी में जुटे रहे। पुलिस विभाग ने 3 टीम गठित की थी। एक टीम लोहण्डीगुड़ा थाना के टीआई गणेश यादव के नेतृत्व में स्थानीय स्तर पर जगदलपुर एवं बस्तर जिले में दूसरी टीम चित्रकोट चौकी प्रभारी हंसकुमार ठाकुर के नेतृत्व में हैदराबाद के लिए रवाना हुई थी और तीसरी टीम सब इंस्पेक्टर रघु यादव के नेतृत्व में थाना स्तर पर जांच में जुटी रही। हरिभूमि से चर्चा में टीआई गणेश यादव ने कहा कि मामला नाबालिग बालिका का था इसलिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पूरी गंभीरता के साथ 3 टीम गठित कर मामले की जांच की जा रही थी। परिजनों से भी लगातार संपर्क कर संभावित स्थलों पर भी पताशाजी की जा रही ⏭ शेष पेज 10 पर





### बिना बताए निकली थी

दशहरा की छुट्टी सोमवार तक थी इसलिए आश्रम से बच्चे अपने घर चले गए थे। मंगलवार शाम तक बच्चे लौटने लगे थे। उसमें लापता बच्ची भी घर से आश्रम आई थी। अचानक वह बुधवार को कहीं चली गई। अधीक्षिका की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर 3 टीम बनाकर जांच जारी रही। चौथे दिन रविवार को बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

गणेश यादव, टीआई, लोहण्डीगुड़ा

## नगरीय निकाय चुनाव में एससी कोटा के आधार पर वार्ड को आरक्षित करें: सोना

# महारा समाज को जनसंख्या के अनुपात पर दिया जाए आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महारा समाज ने छत्तीसगढ़ सरकार से मांग की है कि समाज को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था करें। रविवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में प्रेसवार्ता में संभागीय समन्वयक व पूर्व सम्भागीय अध्यक्ष विनय सोना ने कहा पूर्व राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कमलचंद्र भंजदेव ने शहर में जगतु महारा का विशाल द्वार लगाने की स्वीकृति दी थी। लेकिन 12 साल गुजरने के बाद भी द्वार नही लगाया गया। समाज की मांग है कि सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों, संभागीय व जिला प्रशासनिक अधिकारियों को इस दिशा में अविलंब पहल करने की आवश्यकता है। समाज का कहना है कि उन्हें वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 13 और बस्तर संभाग में मात्र 3 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। जबकि सामाजिक जनसंख्या सर्वे में बस्तर में महारा समाज की जनसंख्या लगभग 7 लाख बस्तर में है। समाज के जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की मांग के लिए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव व कमिश्नर को मांगपत्र भी सौंपा गया है। उन्होंने कहा आने वाले समय में होने वाले पंचायत व नगर निगम चुनाव में महारा समाज को आरक्षण का लाभ दिया जाए, ताकि समाज को भी उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। प्रेसवार्ता में समाज के संभागीय उपाध्यक्ष द्वय भुवनेश्वर नाग व भारत चालकी, जिला अध्यक्ष कन्हैया सोना, सचिव गणेश नागवंशी, संतोष कश्यप, दामोदर बघेल, रुद्र प्रताप सिंह, कैलाश बघेल, डिकेश वासुदेव, गोपाल नाग व अन्य सम्मलित थे।

■ जगतु महारा का विशाल द्वार लगाने की मांग





### ओबीसी की तर्ज पर करें महारा समाज का सर्वे

समाज समन्वयक ने कहा कि छग सरकार ने ओबीसी जनसंख्या के लिए सर्वे कराया गया है। ठीक उसी तर्ज पर महारा समाज का भी सर्वे कराने की आवश्यकता है। समाज को लंबे समय तक संघर्ष करने के बाद एससी कोटे का आरक्षण का लाभ दिया। लेकिन समाज के बच्चों को जाति प्रमाण पत्र नही मिल रहा है। हमारी सरकार से मांग है कि बच्चों को प्रमाण पत्र मुहैया कराने गांव-गांव में शिविर लगाकर प्रमाण पत्र की व्यवस्था बहाल किया जाए।

### धर्मांतरण कराने वालों की कराई जा रही घर वापसी

पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते संभागीय समन्वयक ने कहा समाज के सैकड़ों लोग जो धर्मांतरण कर अन्य धर्म में चले गए थे, उनकी घर वापसी समाज द्वारा तेजी से की जा रही है। जब उनसे पूछा गया कि जिन्होंने धर्मांतरण कर दूसरे पंथ अथवा ईसाई बन गए क्या उन्हें एससी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। इस पर समाज के पदाधिकारी पत्रकारों के इस सवाल पर उचित जवाब देने में असमर्थ दिखे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# केशकाल घाट उन्नयन कार्य आज से, 7 दिनों तक भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने रविवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में केशकाल घाट के उन्नयन कार्य के दौरान वाहनों के आवागमन के लिए परिवर्तित मार्गों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग राजमार्ग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 30 के किमी 162.600 से किमी 167.000 केशकाल घाट उन्नयन अंतर्गत प्रारंभिक स्तर पर डस्ट सफाई, डब्ल्यूएमएम पेंच एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य किया जाएगा। केशकाल घाट उन्नयन अंतर्गत प्रारंभिक स्तर पर डस्ट सफाई, डब्ल्यूएमएम पेंच एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य के दौरान 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक की अवधि के लिए केशकाल घाट में भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। मरम्मत अवधि में भारी वाहनों को अन्य मार्ग में परिवर्तित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निम्नानुसार परिवर्तित मार्ग निर्धारित किया गया है। वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए जारी परिवर्तित मार्ग के अनुसार छोटक चारपहिया एवं यात्री बसें केशकाल घाट से होते हुए जाएंगी।

## भारी वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

### जगदलपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग

जगदलपुर से आने वाले वाहनों के लिए कोण्डागांव, केशकाल, विश्रामपुरी होते हुए मचली, दुधावा, कांकेर, चारामा, धमतरी और रायपुर की ओर जाएंगी। इसी प्रकार दल्लीराजहरा बालोद राजनांदगांव जाने वाले वाहनों के लिए कोण्डागांव, बेड़मा, धनोरा, आमाबेड़ा, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, दल्लीराजहरा और राजनांदगांव के लिए जाएंगी।



### रायपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग

इसी प्रकार रायपुर की ओर से आने वाले वाहन धमतरी से चारामा, कांकेर, दुधावा, मचली, विश्रामपुरी, केशकाल होते हुए कोण्डागांव से जगदलपुर जा सकेंगी।

खबर संक्षेप



## डोकरा बेल मेटल का सरस मेले में लगा स्टाल

**फरसगांव।** बस्तर दशहरा की अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिला कोंडागांव प्रशासन के माध्यम से सरस मेला आयोजन किया गया है जो की जगदलपुर में 12 सितंबर से 19 सितंबर तक संचालित की गई। जिसमें कोंडागाँव जिले के माकडी विकासखंड के ग्राम बरकई (प्लाटपारा)से बिहान से जुड़ी हुई महिलाएं डोकरा बेल मेटल स्व सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाया गया है जिसमें ढोकरा बेल मेटल स्व सहायता समूह की महिलाएं श्रीमती सुहागिन नाग- आशा मरकाम द्वारा प्रदर्शनी में अनेकों प्रकार की देवी देवताओं की मूर्ति घर के डेकोरेट समान की बिक्री किया जा राहा है । जिसमें कि समहू की दीदीयो को बहुत ही फायदा हो रहा है जिसेकी आर्थिक स्थिति बहुत ही सुधार हो रहा है इस प्रकार बिहान सेजुडी हुई महिलाएं कहीं ना कहीं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है और अपनी कला को देश-विदेश में प्रचार कर रहे हैं।

## 20 बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई



**मगरलोड।** एंबिशन पब्लिक स्कूल मेघा में एक दिवसीय सिकलिन जांच शिविर का आयोजन हुआ। कक्षा नर्सरी से दसवीं के कुल 200 बच्चे सहित स्कूल स्टाफ की सिकल सेल जांच की गई। 20 बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई जिन्हें विशेष उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा में आने कहा गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डा. रूपेश साहू, ग्रामीण चिकित्सा सहायक भुवन साहू, लैब टेक्निशियन मिथिलेश साहू, स्कूल स्टॉफ से घनश्याम निषाद, डुमेश साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

## गरबा प्रतिभागियों का किया सम्मान



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के संरक्षण में नवरात्रि पर आयोजित रास गरबा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। मौके पर अभिषेकराव शिंदे, उषा साहू शिक्षिका, कोयल साहू, प्रकृति सोन, विक्कू साहू, सुधीर साहू, धनेंद्र साहू, चिराग सोन, प्रतीक तिवारी, यमन साहू उपस्थित थे।

## त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों को दी हाथ घड़ी



**बगदेही (धमतरी)।** शिक्षण सत्र 2024-25 में आयोजित त्रैमासिक परीक्षा में कक्षा केजी वन से आठवीं तक प्रथम आने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार स्वरूप हाथ घड़ी प्रदान की गई। केजी वन से तनिष्क पटेल, केजी टू से गीतेश्वरी साहू, पहली से धारणा कुर्रे, दूसरी से पूर्वी पटेल, तीसरी से इशिका, चौथी से हर्षिता, पांचवीं से कुमकुम, छठवीं से मिताली बंजारे, सातवीं से अभय, आठवीं से खेमलता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी को हाथ घड़ी वितरण की गई। मौके पर संस्था प्रमुख एमके साहू, शिक्षिका टुपेश्वरी साहू, प्रेमलता साहू, खुशबू यादव, कौशिल्या चंदेल, लीलेश्वरी यादव, पूजा साहू, पूजा साहू, प्रियंका साहू, पायल साहू, लीना साहू एवं सुदामाराम यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था प्रमुख ने अन्य बच्चों को भी अच्छी पढ़ाई करने की सलाह दी।

सौगात : कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने किया भूमिपूजन

# सीसी सड़क, सोलर वाटर टैंक और सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी ने आज सीसी सड़क, सोलर वाटर टैंक और सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते किया। इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी ने कहा कि इन विकास कार्यों से संबलपुर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का सुधार होगा। स्थानीय निवासियों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने बताया कि संबलपुर के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से 5.50 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क, 10 लाख रुपए की लागत से सोलर वाटर टैंक और एक सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। वर्षों से संबलपुर के निवासियों द्वारा की जा रही बुनियादी सुविधाओं की मांगें आज पूरी होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। बताया जा रहा है कि 5.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली यह सीसी रोड क्षेत्र के निवासियों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी। ग्रामीणों को बरसात के मौसम में होने वाली कीचड़ और खराब सड़कों की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा 10 लाख रुपए की लागत से सोलर पैनलों के माध्यम से चलने वाला वाटर टैंक स्थापित किया जाएगा। इससे न केवल जल की आपूर्ति में सुधार होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। सोलर पैनल्स से पानी की आपूर्ति होने के कारण बिजली की खपत में भी कमी आएगी। सामुदायिक भवन ग्रामीणों के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का केंद्र बनेगा। इसके निर्माण से ग्रामीणों को सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा।

■ संबलपुर में विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ



### स्थानीय लोगों में रहा खासा उत्साह

*भूमिपूजन के इस अवसर पर संबलपुर के निवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। गांव के कई लोगों ने इस मौके पर अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि यह विकास कार्य उनके जीवन में नई उम्मीदें लेकर आएंगे। वर्षों से चली आ रही समस्याओं के समाधान की दिशा में उठाए गए। इस कदम से ग्रामीणों ने विधायक लता उसेंडी का आभार व्यक्त किया।*

### परियोजनाओं का उद्देश्य जीवन स्तर ऊंचा उठाना है : उसेंडी

विधायक लता उसेंडी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के विकास कार्य क्षेत्रीय विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे और आने वाले समय में संबलपुर को एक सशक्त और समृद्ध गांव के रूप में देखा जाएगा। इन परियोजनाओं के साथ–साथ विधायक लता उसेंडी ने यह भी संकेत दिया कि आने वाले महीनों में और भी कई विकासात्मक कायोंर् की योजना बनाई जा रही है, जो कि क्षेत्र के अन्य ग्रामीण इलाकों को भी कवर करेंगे। इससे गांव के निवासियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। इस भूमि पूजन समारोह के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा और उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में ये परियोजनाएं पूर्ण हो जाएंगी। यह विकास कार्य संबलपुर क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होंगे और ग्रामीणों के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

# बड़े बेंदरी स्कूल के बाल वैज्ञानिकों ने राज्य प्रदर्शनी में फिर लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंदरी ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024–25 में विद्यालय के छात्र बीरेंद्र यादव ने अपने मॉडल के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में उनका विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अंतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन पर आधारित था। जिसने राज्यभर में शीर्ष स्थान हासिल किया। बीरेंद्र यादव का मॉडल केवल राज्य स्तर पर ही नहीं, बल्कि ब्लॉक, जिला और जॉन स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है। यह मॉडल अपशिष्ट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आधारित था। जो आज के समय में एक गंभीर चुनौती है। इस मॉडल ने प्रदर्शनी में उपस्थित सभी दर्शकों और निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया और उसे सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार तिवारी के संरक्षण, व्याख्याताओं अंकित गुप्ता और अलीबख्श शेख के मार्गदर्शन तथा भुवनेश्वर सूर्यवंशी के सहयोग को जाता है। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्र बीरेंद्र यादव और उनके मार्गदर्शक अंकित गुप्ता को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी है।

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र बीरेंद्र ने हासिल किया प्रथम स्थान

### स्कूल लगातार कर रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

विद्यालय ने पिछले वर्षों में भी विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन किया है। सन 2018 में, विद्यालय ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। सन 2019 में बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रथम स्थान और पश्चिम भारत विज्ञान मेले में द्वितीय स्थान हासिल किया था। इसके अलावा, इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में भी बड़े बेंदरी विद्यालय के आइडियाज का चयन होता रहा है। इसी वर्ष जुलाई 2024 में राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए थे।

# राज्य तीरंदाजी में कोण्डागांव का कमाल 6 पदक जीते, 7 खिलाड़ी नेशनल खेलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब आउटडोर स्टेडियम में 6 से 9 अक्टूबर 2024 तक आयोजित 24वें एसजीएफआई राज्य स्तरीय तीरंदाजी टूर्नामेंट में कोंडागांव जिले के तीरंदाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक अपने नाम किए। इस टूर्नामेंट में जिले से कुल 17 तीरंदाजों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 6 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। कोंडागांव की रामशिला नेताम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। रामशिला कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्र हैं और उनके इस प्रदर्शन से जिले में खुशी का माहौल है। वहीं, आभा चक्रधारी ब्लॉक कॉलोनी स्कूल ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। इसके अलावा नंदिनी मरकाम कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, पिंटू नेताम बुनागांव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और प्रेमिका नेताम ब्लॉक कॉलोनी स्कूल ने कांस्य पदक जीतकर कोंडागांव का मान बढ़ाया। इन पदक विजेताओं के अलावा, चंद्ररेखा सेठिया ब्लॉक कॉलोनी स्कूल और सलोनी नेताम कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का भी प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिसके चलते इनका चयन आगामी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

■ कोंडागांव की रामशिला नेताम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता



### इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

रामशिला नेताम – स्वर्ण पदक, आभा चक्रधारी – रजत पदक, नंदिनी मरकाम, पिंटू नेताम, प्रेमिका नेताम – कांस्य पदक, चंद्ररेखा सेठिया, सलोनी नेताम – नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित, नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन गुजरात, नडियाद 11–24 नवंबर 2024 कोंडागांव के सभी तीरंदाजों को नेशनल टूर्नामेंट में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं!

### गुजरात के नाडियाद में होगी प्रतियोगिता

कोंडागांव जिले के कुल 7 तीरंदाजों का चयन गुजरात के नडियाद में आयोजित होने वाली एसजीएफआई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 11 से 24 नवंबर 2024 तक होगी। जिसमें राज्य के सर्वश्रेष्ठ तीरंदाजों के बीच मुकाबला होगा। कोंडागांव के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से जिले में जश्न का माहौल है। जिलेवासियों ने इन खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कोच और प्रशिक्षण टीम के समर्पण से भी खिलाड़ियों को इस सफलता तक पहुंचने में मदद मिली है। जिले के खेल अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन ने भी तीरंदाजों के इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए नेशनल टूर्नामेंट में उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

# निगरानी एवं सलाह समिति की मासिक बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में कु गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा जिला न्याय सदन कोण्डागांव में निगरानी एवं सलाह समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें लीगल एड डिफेंस कौसिंल के अधिवक्तागण उपस्थित थे। बैठक में लीगल एड डिफेंस कौसिल सिस्टम कार्यालय कोण्डागांव में संचालित कार्यो रिमाण्ड जमानत तर्क साक्ष्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से दिये गये प्रकरणों में की गई कार्यवाही और विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता के शतोंर् तथा लीगल एड डिफेंस कौसिंल कार्यालय की भूमिका व दायित्वों के बेहतर निर्वहन के संबंध तथा लीगल एड डिफेंस कौसिंल कार्यालय के अधिवक्ताध्कर्मचारी को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होने एवं प्रत्येक माह जेल भ्रमण तथा शिविर का आयोजन किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। उक्त बैठक में रजनीश कुमार दुबे चीफ, दिनेश कुमार धुरव डिप्टी चीफ एवं शिवराम मरकाम लीगल एड डिफेंस कौसिंल कोण्डागांव उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया

# साइबर पखवाड़े में 30,000 से अधिक लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम और साइबर सुरक्षा को लेकर चलाए गए साइबर जागरूकता पखवाड़ा का समापन 19 अक्टूबर को कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर कोंडागांव के कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार की उपस्थिति में साइबर अपराधों से बचने के तरीकों पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। 5 से 19 अक्टूबर तक चले इस पखवाड़े में साइबर वालंटियर्स की सक्रिय सहभागिता से जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, आईटीआई संस्थान, सांस्कृतिक मंच, और साप्ताहिक बाजारों में 30,000 से अधिक लोगों को साइबर अपराधों के प्रति सजग किया गया। इस दौरान 10,000 से अधिक पर्चेध्पोस्टर भी वितरित किए गए, जिनमें साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान साइबर वालंटियर्स द्वारा नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसमें साइबर ठगी और उसके नए तरीकों पर आधारित कहानी दिखाई गई। यह प्रस्तुति लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए बेहद प्रभावशाली रही। नाटक के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर अपराधी नकली प्रोफाइल बनाकर लोगों से ठगी करते हैं। प्रमुख साइबर अपराधों में साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग, और चाइल्ड पोर्नोग्राफी के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, शेयर मार्केट फ्रॉड, ट्रेडिंग ऐप्स के धोखे, सेक्सटॉर्शन, और फर्जी पुलिस या सीबीआई अधिकारी बनकर पैसे मांगने जैसी घटनाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रें, युवाओं, समाज प्रमुखों और गणमान्य नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई। उन्हें किसी भी लालच में न आने और अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर जुड़ने से बचने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा, सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण उपाय भी साझा किए गए। साइबर ठगी का शिकार होने पर अपराध की रिपोर्टिंग के लिए साइबर पोर्टलया साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही, निकटतम पुलिस थाना या साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई।

■ सायबर अपराध सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई



### कार्यक्रम के समापन पर विशेष वक्तव्य

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने साइबर क्राइम पर अपने विचार साझा किए और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में हर व्यक्ति के लिए साइबर सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है और इस प्रकार के अभियान लोगों को सतर्क और जागरूक रखने में सहायक होते हैं। समापन समारोह की औपचारिक घोषणा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक साइबर प्रभारी सतीश भार्गव, थाना प्रभारी कोंडागांव, यातायात प्रभारी कोंडागांव समेत जिले के अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और साइबर वालंटियर्स उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### पर्यटकों के लिए ...

और सम्मान दिखाने के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहरों और उत्पादों की जानकारी होनी चाहिए। स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया जाए। साथ ही, तीरथगढ़ की सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और प्रचार भी इस परियोजना का हिस्सा हो सके।

### आधा दर्जन से ....

वाहनों की सुविधा कर परिवार के मरीजों को महारानी अस्पताल एवं डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज जाते हैं।

### 3 दिवसीय ब्लैस....

जाएगा। इस आयोजन की तैयारी पूरे बस्तर संभाग के मसीह जन और मसीह अगवे मिलकर कर रहे हैं और मसीह समाज में इस प्रार्थना महोत्सव को लेकर उत्साह है। इसका प्रमुख उददेश्य बस्तर में शांति और सुख समृद्धि क्षेत्र के लोगों का कल्याण विशेषकर यहां के युवाओं और उनके भविष्य। कार्यक्रम में इन सभी जगह से बड़ी संख्या में लोगों की आने की उम्मीद है इनके व्यवस्था के लिए सदस्यों द्वारा तैयारी की जा रही है। इस ब्लैस बस्तर प्रार्थना महोत्सव में 2024 के लिए समस्त आयोजन समिति के द्वारा बस्तर में निवासरत सभी समाजों और संगठनों समस्त राजनीतिक संगठन, गैर राजनीतिक संगठनों से मिलकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है ताकि बस्तर में भाईचारा एवं एकता का एक अच्छा संदेश बस्तर से जाए।

### चौथे दिन मिली ....

थी। जानकारी मिली थी कि दशहरा छुट्टी के बाद मंगलवार को आश्रम पहुंची थी। बालिका अगले दिन बुधवार को सुबह 11 बजे कहीं चली गई। सूत्रों से पता चला कि कुछ सहलियों के साथ बालिका हैदराबाद चली गई। हैदराबाद पहुंची टीम ने मोबाईल लोकेशन और अन्य प्रयासों से बालिका की खोजबीन जारी रखी। बालिका का परिजनों से संपर्क होने पर उसे लौट आने को कहा गया। टीआई ने बताया कि आज बस्तर ब्लाक के भोंड में बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।



## खबर संक्षेप

### श्रममंत्री ने निरीक्षक का किया सम्मान




**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा 17 एवं 18 अक्टूबर को रायपुर स्थित होटल सयाजी मेग्नेटो मॉल के पीछे प्रातः 10 बजे से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में श्रम विभाग के अधिकारियों एवं निरीक्षकों को विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण, जानकारी दिया गया। कार्यशाला के आखिरी दिन श्रम मंत्री के द्वारा राज्य से आए अधिकारी एवं निरीक्षकों से मुलाकात की एवं कार्यशाला का समापन किया। इस अवसर पर बीजापुर के श्रम निरीक्षक सोपान कणेर्वार के द्वारा जिले में चल रहे श्रम विभाग की योजनाओं और पंजीयन के कार्यों को देखते हुए श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन में श्रम विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद थे।

### यूजीसी नेट परीक्षा में केशव को तीसरा रैंक

**जगदलपुर।** बस्तर के केशव तिवारी ने यूजीसी नेट परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर मास कम्युनिकेशन विषय में तीसरा रैंक हासिल की है। वे बस्तर के ऐसे पहले प्रतिभागी हैं जिन्होंने मास कम्युनिकेशन की प्रतिष्ठा पूर्ण परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वे जगदलपुर निवासी स्वतंत्र पत्रकार राजेंद्र तिवारी के सुपुत्र हैं। वर्तमान में वे जनजातीय क्षेत्र की पत्रकारिता पर शोध कर रहे हैं। इसके पूर्व 3 वषोंर् तक वे बस्तर विश्वविद्यालय में अतिथि प्राध्यापक के रूप में भी पत्रकारिता विभाग में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में तीसरा स्थान पाकर उन्होंने बस्तर समेत नगर को गौरवान्वित किया है।



### गीदम में हो मेडिकल कॉलेज की स्थापनाः अवधेश

**गीदम।** नगर पंचायत के पार्षद अवधेश गुप्ता ने शासन-प्रशासन से गीदम में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की गीदम में ही स्थापना की मांग की है। उन्होंने इसे यहां के विकास और चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए अत्यंत आवश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने के बजाय गीदम में ही स्थापित किया जाए जिससे कि स्थानीय ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें और गीदम नगर के विकास और व्यापार में वृद्धि हो सके। पार्षद ने इसके लिए आवश्यक भूमि राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराने या स्थानीय जनता से प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न केवल स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा का अवसर मिलेगा, रोजगार और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार होगा। अवधेश गुप्ता ने शासन से आग्रह किया कि गीदम और उसके आस-पास के गांवों के निवासियों की यह मांग है कि मेडिकल कॉलेज गीदम में ही स्थापित हो। उन्होंने शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जनता की भावनाओं को समझते हुए जनहित पर समाधान करने और जल्द से जल्द इस दिशा में कदम उठाने की अपील की।



## बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का भव्य समापन

# गायिका मोनाली और साबरी ने दी शानदार प्रस्तुति







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा पर्व में आयोजित बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का समापन शनिवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर और गायक शबाब साबरी ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। उनके गीतों ने एक नई ऊर्जा का संचार किया और रिमझिम बारिश के बावजूद हजारों दर्शकों ने तालियों से उनका स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। दशहरा पर्व पाट जात्रा से शुरू कई विधि-विधान के साथ माई दंतेश्वरी की डोली की विदाई के साथ आज समापन हुआ। बस्तर दशहरा के तहत 12 से 19 अक्टूबर तक लालबाग मैदान में बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का भी समापन आज किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायकों की प्रस्तुति, दायरा बैंड, स्थानीय लोक नर्तक दलों, स्कूली बच्चों की प्रस्तुति का सभी ने आनंद लिया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नक्सली घटना में शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए कहा कि बस्तर में अशांति फैलाने वालों को साम, दाम, दंड-भेद के साथ जवाब देकर बस्तर में शांति स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

### 700 खिलाड़ियों की रही भागीदारी

कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि सरस मेला में लगे स्वसहायता समूह और अन्य स्टाल में प्रदर्शनी सह विक्रय केंद्र में लगभग 65 लाख से अधिक राशि की विभिन्न उत्पाद एवं सामग्रियों की विक्रय की गई है। मशहूर भजन गायक बाबा हंसराज, दायरा बैंड, गायक शबाब सबरी और मोनाली ठाकुर के साथ स्थानीय लोकनृत्य दलों द्वारा की शानदार प्रस्तुति को जनता ने सराहा। 4 विधा में 8 समूह के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

शनिवार को नारायणपुर क्षेत्र में हुई नक्सल घटना में शहीद जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा नवरात्र एवं बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए सायबर क्राइम से बचाव सम्बन्धी जानकारी दी गई। वहीं बस्तर पुलिस द्वारा सायबर क्राइम सम्बन्धी जनजागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### देवी दंतेश्वरी की कृपा से सब ठीक हुआ

विधायक किरण देव ने कहा कि बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी ने बस्तर को प्राकृतिक, खनिज सम्पदा सहित अन्य दर्शनीय स्थलों से नवाजा है। दशहरा को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर और भव्य रूप प्रदान किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्कृति विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग की प्रशंसा की और विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।






## दलपत सागर और रानीघाट को स्वच्छ और सुंदर बनाने होगी पहलः राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दलपत सागर और रानी घाट की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

नगर निगम के सफाई विभाग के सभापति नरसिंग राव और शिक्षा विभाग सभापति योगेंद्र पांडे ने दलपत सागर आइलैंड और रानी घाट का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने रानी घाट और आइलैंड की सफाई के लिए आवश्यक कदम उठाने उचित पहल करने की बात कही। सभापति ने कहा हमने दलपत सागर आइलैंड और रानी घाट की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया है। आवश्यक निर्देश दिए हैं ताकि यहां की स्वच्छता और सौंदर्य बना रहे। वरिष्ठ पार्षद ने कहा हमने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे रानी घाट और आइलैंड की सफाई के लिए आवश्यक कदम उठाएं। यहां की स्वच्छता और सौंदर्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से हेमंत श्रीवास, अजय बनिक, अरुण यादव, शक्ति वेल, सचिन दीपक, तुंगध्वज पानीग्राही, रबिश कुमार मौजूद थे।



### 188 बटालियन ने जन सहभागिता के साथ तिरथा में चलाया सफाई अभियान




भानपुरी। आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत एफ / 188 वी वाहिनी केरिपुबल पुसपालघाट बस्तर द्वारा भवेश चौधरी कमाण्डेन्ट 188 बटा. केरिपुबल के निर्देशन में जन सहभागिता के साथ पर्यटन स्थल तिरथा चित्रकोट में सफाई का अभियान चलाया गया। चित्रकोट बस्तर छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल होने की वजह से दूर दूर से पर्यटक यहाँ भ्रमण करने आते है। जिसके कारण वहाँ काफी गंदगी फैल जाती है, इस समस्या को देखते हुये एवं आम जन व पर्यटकों को जागरुक करने के क्रम में एफ / 188 वी वाहिनी के रिपु बल पुसपालघाट बस्तर ने आम जन व स्कूली बच्चों के साथ सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर बन्नाराम सहा. कमा. ने स्वच्छता ही सेवा के मंत्र को अपना कर सार्वजनिक व पर्यटन स्थलों को साफ सुथरा रखने का संदेश दिया साथ ही साथ सार्वजनिक व पर्यटन स्थलों को साफ सुथरा रखने की शपथ ली तथा तिरथा ग्रामवासी, बस्तर पर्यटन समिति एव स्कूली बच्चो के साथ साफ- साफाई की।

## विहिप नेताओं ने विधायक को ज्ञापन देकर आयोजन पर रोक लगाने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने चित्रकोट विधायक विनायक गोयल को ज्ञापन सौंपा। कल वे सांसद महेश कश्यप और विधायक किरण सिंह देव को ज्ञापन सौंपा था। पदाधिकारियों ने बाहरी लोगों के उद्देश्यों की ओर विधायक का ध्यान आकृष्ट किया। उनका कहना था कि ऐसे आयोजन की अनुमति देना धमांर्तरण को बढ़ावा देने जैसा है। विधायक ने इस पर सांसद से फोन पर बात कर चर्चा के लिए समय मांगा। उन्होंने बताया कि वे ऐसे किसी भी ऐसे कार्यक्रम की अनुमति नहीं देते हैं जिससे धमांर्तरण को बढ़ावा मिलता हो। बाहरी व्यक्तियों द्वारा बस्तर जैसे शांतिप्रिय क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की कोशिश को हर संभव रोकने का प्रयास करेंगे। इस दौरान विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी, जिला अध्यक्ष हरी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष लखीधर बघेल, योगेन्द्र कौशिक, नवीन देवांगन, शंकर लाल गुप्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



## स्वच्छता अभियान के तहत कमिश्नर सहित अन्य कार्यालयों में की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कमिश्नर कार्यालय और अन्य सरकारी कार्यालयों में शनिवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार कमिश्नर डोमन सिंह की पहल पर हर माह के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत सभी कार्यालयों की साफ-सफाई की जानी है।

कमिश्नर कार्यालय के साथ-साथ अन्य कई विभागों के कार्यालय का कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्वच्छता कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यालय परिसर, गलियारे, बैठक कक्ष और अन्य सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई और कचरे का उचित निपटान किया गया। इसके साथ ही कचरे के अलग-अलग वर्गीकरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। कमिश्नर सिंह ने इस दौरान कहा स्वच्छता सिर्फ एक दिन का काम नहीं है, बल्कि इसे आदत में शामिल करना जरूरी है। कार्यालयों का साफ और स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि कार्यकुशलता में भी सुधार लाता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल कार्यालयों को स्वच्छ बनाए रखना है, बल्कि कर्मचारियों और आम जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। यह पहल आने वाले महीनों में लगातार चलती रहेगी, ताकि सभी सरकारी कार्यालय स्वच्छ और स्वस्थ कार्यस्थल बने रहें।



NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

## 22 मांगों पर महासंघ ने कार्यपालक निदेशक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ द्वारा 22 मांगों में विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर को पावर कंपनी के अध्यक्ष नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें विकाश सिंह प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ, असीम गाईन, नवीन इक्का, चंद्रशेखर प्रसाद, संजय कौशिक, श्रीकांत साहू, तोरण हिरवानी एवं अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव शामिल रहे। मांगों में राज्य सरकार की तरह पॉवर कंपनी में लंबित पुरानी पेंशन योजना शीघ्र लागू किया जाए। संविदा कर्मियों को पूर्व की भांति तत्काल नियमित किया जावे। तकनीकी कर्मचारियों को भी 3 फीसदी तकनीकी भत्ता प्रदान किया जावे। पॉवर कंपनी में सुनिश्चित कैरियर प्लानिंग योजना-चतुर्थ उच्च-वेतनमान लागू किया जावे। समस्त कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति सूची शीघ्र जारी किया जावे। समस्त श्रेणी के कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची प्रथम नियुक्ति के आधार पर जारी किया जावे। वाहन भत्ता को महंगाई भत्ता से लिंक कर प्रदान किया जावे। संविदा कर्मियों के मानदेय में महंगाई भत्ता के आधार पर बढ़ोतरी कर भुगतान किया जाये। दैनिक, मासिक वेतन पर कार्यरत वाह्यस्रोत कर्मचारियों को श्रम सम्मान निधि प्रदान किया जाये। पॉवर कंपनी में कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को राज्य शासन की तरह कम्प्यूटर प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया जावे। जनरेशन कंपनी में कार्यरत भू-विस्थापित कर्मचारियों को वेतन पुनरीक्षण (वेज रिविजन) के एरियर्स राशि का भुगतान किया जावे। जनरेशन कंपनी में कार्यरत सुरक्षा सैनिकों का पूर्व की भांति सी-ऑफ की सुविधा बहाल किया जाये।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### टमाटर 70 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में लोकल टमाटर 70 रूपए एवं बेंगलोर का टमाटर 60 रूपए किलो में बिका और लहसून का दर स्थित हो गया, जो 400 रूपए किलो में खरीददार ले रहे। वहीं दशहरा पर्व समाप्त होने पर बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार नहीं पहुंच रहे हैं। बाजार में रविवार को फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 60, बरबटी 40, करेला 50, आलू 40, प्याज 60, अदरक 200, लहसून 400 रुपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 10 एवं पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### साईं भक्तों ने अस्पताल परिसर में सफाई कर बांटा प्रसाद

**जगदलपुर।** सत्य साईं सेवा



समिति ने साईं अवतरण दिवस पर रविवार को प्रातः ओंकारम, सुप्रभातम के बाद नगर भ्रमण संकीर्तन किया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। स्थानीय महारानी अस्पताल में मरीजों को बिस्कुट, विभूति प्रसाद का वितरण भक्तों ने किया। साथ ही अस्पताल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साईं मंदिर में दो सफाई कर्मचारी मित्र सोनी और शेट्टी का अमृत कलश, मिष्ठान, श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके बाद भजन और महामंगल आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान महिला, पुरूष भक्तों की उपस्थिति रही।

### यूजीसी नेट में विद्यार्थी सहित दो अतिथि व्याख्याताओं ने पाई सफलता

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित निःशुल्क कोचिंग की सहायता से एक विद्यार्थी ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा जून 2024 में छात्र आशीष नेताम ने वाणिज्य विषय में यूजीसी नेट क्वालिफाई किया है। आशीष अब सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने के अलावा किसी भी विवि के पीएचडी कोर्स में प्रवेश लेने के पात्र होंगे। वहीं स्टूडेंट के साथ विवि के अध्ययन शालाओं में कार्यरत दो अतिथि व्याख्याताओं ने भी यूजीसी नेट क्वालिफाई किया है। गेस्ट फैकल्टी डॉ. भुनेश्वर लाल साहू राजनीति विज्ञान में व निशा भोई कम्प्यूटर एप्लिकेशन में यूजीसी-नेट उत्तीर्ण की है। कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब बस्तर के युवा भी उच्च शिक्षा पाने के लिए तेजी से आगे आ रहे हैं। उन्हें शमक विवि और संबंधित कॉलेज के माध्यम से स्टैण्डर्ड एजुकेशन देने का हरसंभव प्रयास हो रहा है। इसी का परिणाम है यहां के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के परीक्षा में सफल हो रहे हैं।



# मातृशक्ति को सशक्त बनाने गांव में होगा महतारी सदन का निर्माण: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश सरकार महिलाओं को अब गांव में ही रोजगार प्रदान करने के क्षेत्र में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रीमंडल द्वारा महिलाओं को रोजगार के साथ जोड़ने के लिए नई योजना का शुरुआत की गयी है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किए जा रहे इस योजना का नाम महतारी सदन योजना है। इस योजना में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में महतारी सदन बनाने की घोषणा की गई है। वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। महतारी वंदन योजना के बाद अब विष्णुदेव सरकार महतारी सदन के माध्यम से गांव की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान सशक्त करना चाहती है। महतारी सदन सर्व सुविधायुक्त होगा जहां महिलाओं के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत केसरपाल, मुंडागांव, भानपुरी, करंदोला और सोनारपाल में महतारी सदन का निर्माण कराया जायेगा। इन महतारी सदनों के तहत महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार का अवसर सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना को शुरू करने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए महतारी वंदन योजना का शुरूआत किया गया है। महतारी वंदन योजना के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी सदन योजना का शुरूआत किया गया है इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

## मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने भाजपा संकल्पित



■ महिलाओं को गांव में ही मिलेगा रोजगार

### क्षेत्रवासियों ने वनमंत्री का माना आभार

क्षेत्र में हो रहे विकास कार्योंं एवं महतारी सदन के लिए रचना महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सुखमनी नाइक ने मंत्री केदार कश्यप का आभार मानते कहा कि क्षेत्र में सड़क, नाली, पुल- पुलिया तो बन रहा है। इसके साथ ही महिलाओं को सशक्त करने के दिशा में किया जा रहा यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं क्षेत्र के विधायक और शासन में मंत्री केदार कश्यप ने भी महिलाओं को आगे बढ़ाने में पूरा प्रयास किया है। उनके प्रयासों से हमारे क्षेत्र में महतारी सदन का निर्माण होगा। जिससे माताओं बहनों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सशक्तिकरण के दिशा में महिलाएं आगे बढ़ेगी।

## सबसे ज्यादा सामान बेचकर बस्तर रहा प्रथम, द्वितीय जांजगीर-चांपा और कोण्डागांव का रहा तीसरा स्थान

# उत्पाद विक्रय करने वाले समूहों और प्रतिभागी खिलाड़ी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला एवं बस्तर मड़ई में अधिकाधिक उत्पाद विक्रय करने वाले स्व-सहायता समूहों तथा खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिसके तहत राज्य सर्वाधिक सामग्री विक्रय करने वाले जिलों में बस्तर जिले को प्रथम, जांजगीर-चाम्पा जिले को द्वितीय तथा कोण्डागांव जिले को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन जिलों के स्व-सहायता समूहों द्वारा क्रमशः 9 लाख 92 हजार 535 रुपए, 4 लाख 81 हजार 800 रुपए तथा 4 लाख 75 हजार 610 रुपए की उत्पाद एवं सामग्रियों का विक्रय किया गया। वहीं स्व-सहायता समूहों में नया सबेरा समूह महासमुंद को 2 लाख 20 हजार 300 रुपए की उत्पाद विक्रय करने के लिए प्रथम, धनलक्ष्मी समूह बालोद को 2 लाख 8 हजार 800 रुपए की सामग्री विक्रय करने हेतु द्वितीय तथा जय मौली माता समूह जांजगीर-चाम्पा को एक लाख 50 हजार 550 रुपए की उत्पाद विक्रय करने के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। बस्तर मड़ई के खेल स्पर्धाओं के तहत व्हालीबाल पुरूष में तुरेनार को प्रथम एवं तेतरखुटी को द्वितीय, व्हालीबाल महिला में पीजी कॉलेज हॉस्टल धरमपुरा को प्रथम एवं क्रीड़ा परिसर धरमपुरा को द्वितीय, खो-खो पुरूष में कृषि कॉलेज कुम्हरावंड को प्रथम एवं एरमुर लोहण्डीगुड़ा को द्वितीय और खो-खो महिला में जगदम्बा स्पोर्ट्स क्लब लोहण्डीगुड़ा को प्रथम एवं पीजी कॉलेज हॉस्टल धरमपुरा को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### कबड्डी पुरूष और महिला दोनों में लोहण्डीगुड़ा अव्वल

कबड्डी पुरूष में मांदर लोहण्डीगुड़ा को प्रथम एवं बस्तर पुलिस बल जगदलपुर को द्वितीय तथा कबड्डी महिला में लामड़ागुड़ा लोहण्डीगुड़ा को प्रथम एवं कृषि कॉलेज कुम्हरावंड को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। वहीं केवल महिला वर्ग हेतु आयोजित रस्साकस्सी स्पर्धा में लोहण्डीगुड़ा को प्रथम एवं आड़ावाल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय सरस मेला एवं खेल स्पर्धाओं में उल्लेखनीय सहयोग प्रदान करने अधिकारी-कर्मचारियों तथा खेल प्रशिक्षकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## मलेशिया में रेखा ने लहराया बस्तर का परचम



**जगदलपुर।** शहर के अब्दुल कलाम वार्ड निवासी 70 वर्षीय रेखा सेन ने मलेशिया के कोआलालंपुर में आयोजित इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में रेखा सेन ने गोला और तवा फेंक में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में चीन, श्रीलंका, सिंगापुर, फिलीपींस, हांगकांग, पाकिस्तान, थाईलैंड, ब्रुनेई, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड और उज्बेकिस्तान सहित कई देशों के खिलाड़ी शामिल थे। लेकिन रेखा सेन ने सभी को मात दी और देश के लिए गौरव हासिल किया। इसके पहले भी रेखा सेन नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में 2 गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। उन्हें खेल के दौरान मैदान में गिरने से सिर और घुटने में चोट आई, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपना साहस बनाए रखा और शानदार प्रदर्शन किया।

■ 70 वर्ष की अवस्था में इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पाए दो मैडल

## सुहागिनों ने की करवाचौथ की पूजा...



**जगदलपुर।** पंजाब सनातन धर्म सभा द्वारा स्थानीय गीता भवन में करवाचौथ की पूजा एवं कथा का पाठ करवाया गया, जहां सैकड़ों सुहागिनें पाठ में सम्मिलित हुए।

## राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्रों में होती है मानसिक बौद्धिक शारीरिक विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत आड़ावाल में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का 6वा दिवस

■ आड़ावाल एनएसएस शिविर में सांसद महेश कश्यप हुए शामिल

बौद्धिक परिचर्चा में सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में कार्यक्रम संचालित किया गया। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर प्राचार्य अनिल श्रीवास्तव बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना 2047 तक भारत को समृद्धि विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है , जिसमें तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों के माध्यम से गांव के लोगों को जागरूक करना है।

सात दिवसीय शिविर के अवसर पर ग्राम पंचायत आड़ावाल के सात दिवसीय शिविर के अवसर पर कंकालीन बावड़ी माता गुड़ी सफाई, अटल चौक से भरनी तक सफाई और रायकेरा नाला चेक डैम को बांधकर किसानों तथा पशु पक्षियों के लिए सुविधाजनक किया गया। गांव में सफाई एनीमिया, सायकलिंग जैसे बीमारी का पता चला है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के द्वारा 10 यूनिट ब्लड डोनेशन डिमरापाल हॉस्पिटल को दिया गया।

सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्रों की मानसिक बौद्धिक शारीरिक विकास होती है। जिसके माध्यम से हम स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति हम लोगों को जागरुक करते हैं। वर्तमान छात्र-छात्राओं को टेक्नोलॉजी उपकरण जैसी चीजों पर हमें जोर देने की आवश्यकता है। संविधान में गांव को विकास करने के लिए पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य,जिला पंचायत सदस्य, विधायक, सांसद, गांव के विकास के लिए बनाते हैं, उसे चीज से खरा उतरकर हमको काम करना चाहिए।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमुख प्रो. सी.पी. यादव ने बताया कि समाज सेवा और व्यक्तिगत विकास के लिए युवाओं को प्रेरित करना। समाज में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तन लाने में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना। युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संगठन क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना। समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता फैलाना और उनके निर्मूलन में सहयोग करना। युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और अन्य सामाजिक मुद्दों पर काम करने के लिए प्रेरित करना। समाज में समरसता और एकता को बढ़ावा देना। युवाओं में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन का विकास करना। समाज सेवा के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान करने का अवसर प्रदान करना।

इस दौरान जनपद सदस्य शक्ति बघेल, फूल सिंह मौर्य, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तुलाराम मौर्य, सरपंच सोमरु मौर्य, हेमराज बघेल, पहलाद निषाद, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रमुख सी पी यादव, मंगल राम कश्यप, राजू बघेल, तेजस्वी साहू ,विपिन कुमार , देवेंद्र कश्यप, जागेश शोरी, रश्मि मांडवी, हरसिता नेताम, चंपा मंडल, लिनेश बघेल, पूरन सिंह कश्यप, जयलाल वड्डे, लक्ष्मी कश्यप आदि स्वयंसेवको उपस्थि थे।

## नवाखानी में शामिल होकर सांसद ने महापर्व के उद्देश्य को गिनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अखिल भारतीय भतरा समाज के नयाखानी मिलन में सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। उनका समाज के सदस्यों ने पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया। कोण्डागांव जिले के माकड़ी में आयोजित नयाखानी में सांसद निर्वाचित होने के बाद पहली बार महेश कश्यप पहुंचे। उन्होंने कहा कि नवाखाई पर्व का मतलब सिर्फ उत्सव नहीं है। इसके अलावा भी अनेक उद्देश्य हैं। आदिवासियों के लिए पर्व ऐसा आयोजन होता है, जिसमें हजारों सालों से पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित ज्ञान को सतत हस्तांतरित करने का प्रयास करते हैं। हमारे पुरखों द्वारा संरक्षित प्रकृति के अनमोल उपहार आने वाली पीढ़ी को भी मिल सके। इस महापर्व में अनेक महान उद्देश्य छुपे हुए हैं, नया खानी महापर्व में प्रकृति में सर्वप्रथम उत्पदित धान को अपने पुरखों, देवी-देवताओं, पेन के समक्ष समर्पण करते हैं।



### महाभंडारा में लोगों ने पाया प्रसाद

**जगदलपुर।** देवी दंतेश्वरी के छत्र और डोली की विदाई के दौरान शनिवार को महाभंडारा का आयोजन संजय मार्केट के पास किया गया। जिसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद खिलाया गया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की

# सदस्यता लक्ष्य पूरा करने कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगाएं जोर : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के महत्वपूर्ण सक्रिय सदस्यता कार्य का शुभारंभ शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक की गयी। जहां प्रदेश अध्यक्ष ने स्वयं सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। जिसके पश्चात उन्होंने निर्धारित लक्ष्य पूरा करने वाले सक्रिय सदस्यों को भाजपा की सक्रिय सदस्यता ग्रहण करवाया एवं रसीद प्रदान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्यता का लक्ष्य 30 अक्टूबर तक पूरा करना है। प्रत्येक बूथ में 2 सक्रिय सदस्य एवं प्रत्येक मंडल में 200 सक्रिय सदस्य बनाना आवश्यक है। बूथ स्तर पर बैठक रखकर सदस्यता के आंकडे की जानकारियां लें। विष्णु के सुशासन में हर अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं, कार्यकर्ता वन-टू-वन संवाद स्थापित कर सदस्यता लक्ष्य को पूरा करने में अपनी ऊर्जा लगाएं व सदस्यता कार्य में उदासीनता न बरतें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना अनिवार्य है। उन्होने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्य बनाने का कार्य जारी रखें। वहीं पार्षदों को भी सदस्यता पर जोर देकर वार्ड स्तर पर समय सीमा में लक्ष्य प्राप्त करना आवश्यक है, जिसका लाभ निश्चित रूप से आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। संचालन जिला महामंत्री वेदप्रकाश पांडे ने किया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, सुधीर पांडे, योगेन्द्र पांडे, श्रीधर ओझा, सुरेश गुप्ता, संजय पांडे, राजेन्द्र बाजपेयी, आयेन्द्र सिंह आर्य, सुब्रतो विश्वास, मनोहर दत्त तिवारी, अश्विनी शरडे, राजेश श्रीवास्तव, नीटू भदौरिया, राजपाल कसेर, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, एल. ईश्वर राव, दिनेश के.जी. सहित पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुगुनी ऊर्जा से लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें

जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी ने कहा कि बस्तर में सक्रिय सदस्यता का आज शुभारंभ हो रहा है और कार्यकर्ताओं ने निर्धारित लक्ष्य का आधा 70,151 की संख्या में ऑनलाइन सदस्यता पूर्ण कर लिया है। अब दुगुनी ऊर्जा से लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। उन्होने 11 मंडलों के अध्यक्षों को ऑफलाइन बुक जमा कर आंकड़े सुनिश्चित करने को कहा। बूथ के प्रभारी अपने सदस्यता की इंट्री कर शक्ति केन्द्र में जमा करें। उन्होने कहा कि हर मंडल में 200 स्त्रिरय सदस्य होना आवश्यक है।

